# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

मंगलवार

16 जनवरी 2023

आपकी आवाज




कार पार्क करने को लेकर हुई मारपीट और फायरिंग में चार लोगों की मौत 2



## मायावती का ऐलान... अपने दम पर लड़ेंगे लोकसभा का चुनाव

**एजेंसी/लखनऊ**



बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपने जन्मदिन पर बड़ा एलान करते हुए लोकसभा चुनाव अकेले लड़ने का फैसला किया है। मायावती ने सोमवार को प्रेस क्रांफ्रेंस कर कहा कि 2024 चुनाव में बसपा किसी से गठबंधन नहीं करेगी। लोकसभा चुनाव अकेले लड़कर बेहतर रिजल्ट लाएंगे। गठबंधन में चुनाव से हमारी पार्टी को नुकसान होता है। कहा कि गठबंधन से बसपा को फायदा कम, नुकसान ज्यादा होता है। उन्होंने कहा कि सवर्ण वोट बसपा पर ट्रांसफर नहीं होते। इसलिए बसपा किसी के साथ गठबंधन नहीं करेगी। चुनाव के बाद उचित भागीदारी मिलने पर समर्थन दिया जा सकता है। लेकिन यह समर्थन मुफ्त मे नहीं दिया जाएगा। कहा कि सांप्रदायिक सोच वाली पार्टी से दूरी रखेंगे। अधिकांश दलों की मानसिकता जातिवादी है। उन्होंने कहा कि हर चुनाव में ईवीएम में धांधली हो रही है। ईवीएम के विरोध में बहुत आवाज उठी। देश में निष्पक्ष चुनाव होना चाहिए। मायावती ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि इन्होंने लोगों को फ्री राशन का झांसा दिया। राशन देकर गुलाम बनाया जा रहा है।

## विधायक गोपाल मंडल के बिगड़े बोल... कहा- राक्षस हैं पीएम मोदी

**पटना।** बिहार की सियासत में बयानबाजियों का दौर जारी है। आए दिन पक्ष विपक्ष एक दूसरे पर निशाना साध रहे हैं। वहीं अपने विवादित बयानों से सुर्खियों में रहने वाले सीएम नीतीश के बड़बोले विधायक ने एक बार फिर विवादित बयान दिया है। इस बार गोपाल मंडल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर विवादित बयान दिया है। गोपाल मंडल ने पीएम मोदी को राक्षस बताया है। उन्होंने कहा कि, हम पीएम मोदी का विरोध नहीं करते हैं लेकिन वह राक्षस रूप के हैं। वह किसी को डकार सकते हैं। पीएम मोदी अटल और आडवाणी जी जैसे नहीं हैं। गोपाल मंडल ने कहा कि अगर भाजपा को हराना है तो सीएम नीतीश का पीएम उम्मीदवार बनाना बहुत जरुरी है।

## जिनको कभी किसी ने पूछा नहीं, उनको मोदी पूछता है पूजता है

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनमन योजना के अंतर्गत पीएम आवास योजना की पहली किस्त जारी की
- पीएम जनमन योजना के अंतर्गत गरीब जनजातीय समूहों के लिए 540 करोड़ रुपये की पहली किस्त जारी

**एजेंसी/नई दिल्ली**



### पीएम मोदी बोले...गरीबों को समर्पित रहे सरकार के 10 साल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि त्रेता युग में राजा राम की कथा हो या आज की राज-कथा, यह गरीब, वंचित और जनजातीय लोगों के कल्याण के बिना संभव ही नहीं है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार इसी सोच के साथ लगातार काम कर रही है और इसी का प्रतिफल है कि जिनको कभी किसी ने पूछा नहीं, उनको मोदी आज पूछता है और पूजता भी है। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन) के अंतर्गत पीएम आवास योजना के एक लाख लाभार्थियों को पहली किस्त जारी करने के बाद वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार के 10 साल गरीबों को समर्पित रहे। पीएम ने कहा, ह्यत्रेता में राजा राम की कथा हो या आज की राज-कथा बिना गरीब, बिना वंचित, बिना वनवासी भाई-बहनों के कल्याण के संभव ही नहीं है। इसी सोच के साथ हम लगातार काम कर रहे हैं। हमने 10 साल गरीबों को समर्पित किए। गरीबों को 4 करोड़ से अधिक पक्के घर बनाकर दिए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कन्फ्रेंसिंग के जरिए जनमन योजना के अंतर्गत पीएम आवास योजना की पहली किस्त जारी कर दी है। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान योजना की शुरूआत खासतौर पर देश के कमजोर जनजातीय समूहों को सुरक्षित आवास, स्वच्छ पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य और कई दूसरी बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराने के लिए की गई है। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा-अभियान योजना के तहत पीएम आवास योजना ग्रामीण की पहली किस्त का लाभ करीब 1 लाख से ज्यादा लाभार्थियों को दिया गया है। इस योजना के अंतर्गत सरकार कमजोर जनजातीय समूहों की सामाजिक और आर्थिक स्थितियों में सुधार करना चाहती है।


प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत सरकार इस पर करीब 24 हजार करोड़ रुपये खर्च करेगी। इस योजना की शुरूआत सरकार ने 15 नवंबर, 2023 को बिरसा मुंडा की जयंती के दौरान आदिवासी गौरव दिवस के मौके पर की थी। पीएम जनमन योजना के अंतर्गत गरीब जनजातीय समूहों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 540 करोड़ रुपये की पहली किस्त जारी की है। इस खास मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाखों लाभार्थियों के साथ संवाद भी किया। प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत वन धन विकास केंद्रों को भी खोला जाएगा। यही नहीं इस योजना में एक लाख घरों में ऑफ ग्रिड सौर ऊर्जा प्रणाली सोलर स्ट्रीट लाइटों को स्थापित करना भी शामिल किया गया है। योजना के अंतर्गत देश में गरीब आदिवासियों तक शिक्षा, बिजली, सड़क, स्वास्थ्य, पोषण, दूरसंचार कनेक्टिविटी और स्थायी आजीविका के अवसरों को पहुंचाया जाएगा।

### श्रीरामजन्मभूमि क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने दी जानकारी

# 18 जनवरी को गर्भ गृह में प्रवेश करेंगे श्रीरामलला, तैयारियां पूरी

- नवनिर्मित भव्य श्रीराम मंदिर में 16 जनवरी से शुरू हो जाएगी श्रीविग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व की पूजन विधि
- 22 जनवरी को पौष शुक्ल द्वादशी के अभिजित मुहूर्त में संपन्न होगा श्रीराम लला का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम
- 20 और 21 को श्रीराम लला के दर्शन नहीं कर सकेंगे भक्त, 23 से नए मंदिर में आमजनमानस के लिए खुलेंगे कपाट

**केटी न्यूज ब्यूरो/अयोध्या**



### जल्द बनेंगे 6 भव्य प्रवेश द्वार

अयोध्या के त्रेतायुगीन वैभव को पुनर्स्थापित करने का प्रयास कर रही योगी सरकार 140 करोड़ रुपए की लागत से 6 भव्य प्रवेश द्वार का निर्माण कराने जा रही है। योगी सरकार श्रीराम की नगरी को प्राचीन अयोध्या का स्वरूप प्रदान करने में जुटी है। ऐसे में, जिस प्रकार प्राचीन राजधानियों में प्रवेश द्वार बनाए जाते थे उसी तर्ज पर अयोध्या के सभी प्रवेश मार्गों पर भव्य प्रवेश द्वार बनाए जाने की योजना तैयार की गई है। अगले 100 दिनों के अंदर पहले चरण में 3 भव्य गेट कॉम्प्लेक्स के निर्माण की प्रक्रिया यूपी प्रोजेक्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने शुरू कर दी है।

### श्रीरामलला की वर्तमान मूर्ति भी मूल मंदिर के मूल गर्भ गृह में होगी स्थापित

श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने उस सवाल का भी जवाब दिया, जिसका सभी को बेताबी से इंतजार था। अयोध्या में वर्तमान में भगवान श्रीरामलला की मूर्ति की पूजा अर्चना की जा रही है, उन्हें भी नए मंदिर के गर्भ गृह में ही स्थापित किया जाएगा और नई प्रतिमा के साथ-साथ उनकी भी एक समान पूजा अर्चना की जाएगी। उल्लेखनीय है कि बहुत से लोग जानना चाहते थे कि गर्भ गृह में श्रीरामलला की नई प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद वर्तमान में जिस मूर्ति की पूजा अर्चना की जा रही है, उसका क्या होगा। सोमवार को इन सभी सवालों का जवाब मिल गया। चंपत राय ने बताया कि भगवान की वर्तमान प्रतिमाएं जिनकी उपासना, सेवा, पूजा लगातार 70 साल (1950 से) से चली आ रही है, वो भी मूल मंदिर के मूल गर्भ गृह में ही उपस्थित रहेंगी। उन्होंने बताया कि जैसे अभी उनकी पूजा और उपासना की जा रही है, वैसी ही 22 जनवरी से भी अनवरत की जाएगी। उन्होंने ये भी बताया कि पुरानी प्रतिमाओं के साथ-साथ श्रीरामलला की नई प्रतिमा को भी अंग वस्त्र पहनाए जाएंगे।

22 जनवरी को अयोध्या धाम में अपने नव्य भव्य मंदिर में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम और पूजन विधि 16 जनवरी से शुरू हो जाएगी, जबकि जिस प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की जानी है उसे 18 जनवरी को गर्भ गृह में अपने आसन पर खड़ा कर दिया जाएगा। 22 जनवरी को पौष शुक्ल द्वादशी अभिजित मुहुर्त में दोपहर 12 बजकर 20 मिनट पर श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम संपन्न किया जाएगा। श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा के संबंध में यह बातें सोमवार को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताईं। उन्होंने ये भी बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर गर्भ गृह में पीएम नरेंद्र मोदी, सीएम योगी, आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल,रामजन्मभूमि न्यास के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास और सभी ट्रस्टीज उपस्थित रहेंगे।

प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की जानकारी देते हुए चंपत राय ने बताया कि कार्यक्रम से जुड़ी सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। प्राण प्रतिष्ठा दोपहर 12 बजकर 20 मिनट पर प्रारंभ होगी। प्राण प्रतिष्ठा का मुहूर्त वाराणसी के पुजारी श्रद्धेय गणेश्वर शास्त्री ने निर्धारित किया है। वहीं, प्राण प्रतिष्ठा से जुड़े कर्मकांड की संपूर्ण विधि वाराणसी के ही लक्ष्मीकांत दीक्षित द्वारा कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि पूजन विधि 16 जनवरी से शुरू होकर 21 जनवरी तक चलेगी। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के लिए न्यूनतम आवश्यक गतिविधियां आयोजित होंगी। उन्होंने बताया कि जिस प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठ होनी है वो पत्थर की है। उसका वजन अनुमानित 150 से 200 किलो के बीच होगा। यह 5 वर्ष के बालक का स्वरूप है, जो खड़ी प्रतिमा के रूप में स्थापित की जानी है।

**श्रीविग्रह की अधिवास के बाद होगी प्राण प्रतिष्ठाः** चंपत राय ने बताया कि जिस प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा होती है उसको अनेक प्रकार से निवास कराया जाता है। इसे पूजा पद्यति में अधिवास कहते हैं। इसके तहत प्राण प्रतिष्ठा की जाने वाली प्रतिमा का जल में निवास, अन्न में निवास, फल में निवास, औषधि में निवास, घी में निवास, शैय्या निवास, सुगंध निवास समेत अनेक प्रकार के निवास कराए जाते हैं।

**हर परंपरा, विद्या और मत से जुड़े लोगों को किया गया आमंत्रितः** चंपत राय के अनुसार, लगभग 150 से अधिक परंपराओं के संत धमार्चार्य, आदिवासी, गिरिवासी, समुद्रवासी, जनजातीय परंपराओं के संत महात्मा कार्यक्रम में आमंत्रित हैं। इसके अतिरिक्त भारत में जितने प्रकार की विधाएं हैं चाहे वो खेल हो, वैज्ञानिक हो, सैनिक हो, प्रशासन हो, पुलिस हो, राजदूत हो, न्यायपालिका हो, लेखक हो, साहित्यकार हो, कलाकार हो, चित्रकार हो, मूर्तिकार हो, जिस विद्या को भी आप सोच सकते हैं, उसके श्रेष्ठजन आमंत्रित किए गए हैं।

## राममय माहौल में मां सरयू तीरे मकर संक्रांति पर राम नाम संग लगी आस्था की डुबकी

**अयोध्या।** आनंद, उमंग और उल्लास संग जेहन में इस बार अलग ही अनुभूति लेकर प्रदेश के कई जनपदों से आए लाखों श्रद्धालुओं ने मां सरयू की जयघोष संग आस्था की डुबकी लगाई। राममय हो चुके माहौल में इस बार मकर संक्रांति का यह स्नान इसलिए भी महत्वपूर्ण हो गया, क्योंकि 140 करोड़ भारतीयों की आस्था के केंद्र श्रीरामलला महज सात दिन बाद अपने दिव्य-भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। उत्तर प्रदेश के विकास के नायक योगी आदित्यनाथ की आकांक्षा के अनुरूप सज रही अयोध्या में मां सरयू के तट पर डुबकी लगाने के बाद श्रद्धालुओं ने हनुमानगढ़ी, रामलला, नागेश्वर नाथ, चंद्रहरि मंदिर, सरयू मंदिर आदि में दर्शन-पूजन भी किए। अयोध्या तीरे मां सरयू की लहरों में पुण्य की डुबकी लगाने का उत्साह देखते ही बना। संतों की टोलियां भजन-कीर्तन करते हुए निकलीं तो श्रद्धालु जयश्रीराम व मां सरयू के जयकारे लगाते हुए पहुंच रहे थे। मकर संक्रांति को लेकर दूसरे जनपदों व राज्यों से भी श्रद्धालुओं ने रविवार भोर से ही डुबकी लगानी शुरू कर दी। भोर से ही आस्था पथ पर भक्ति की लहरें हिलारें मारने लगीं, जो देर शाम तक चलती रहीं।

श्रद्धालुओं ने भोर से ही सरयू घाट, राम की पैड़ी आदि स्थानों पर स्नान किया गया। राममय हो चुके माहौल में यह स्नान काफी महत्वपूर्ण रहा। रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के पहले मकर संक्रांति का स्नान भी काफी कौतूहल भरा रहा। कौतूहल इसलिए, क्योंकि स्नान के उपरांत श्रद्धालु निर्मित हो रहे राममंदिर की एक झलक पाने को बेताब लोग वहां पहुंचे। स्नान के उपरांत श्रद्धालु श्रीराम मंदिर के आसपास भी पहुंचे और निर्माण को देख प्रफुल्लित हो उठे।

## दही-चूड़ा भोज में पैदल राबड़ी आवास पहुंचे नीतीश

**केटी न्यूज/पटना**

मकर संक्रांति का पर्व देश भर में धूमधाम से मनाया गया। इस बीच सभी की नजरें बिहार के सियासी मकर संक्रांति पर रही, जहां राजनेता दही-चूड़ा खाने के बहाने जुटे। पटना में इस बार लालू प्रसाद ने भी दही-चूड़ा का भोज दिया। इसमें शामिल होने बिहार के सीएम नीतीश कुमार पैदल ही राबड़ी आवास पहुंचे। नीतीश के साथ ललन सिंह भी मौजूद थे। इन दोनों का उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने स्वागत किया। ये भोज इसलिए खास है क्योंकि इंडिया गठबंधन में नीतीश कुमार की भूमिका को लेकर उठ रहे सवाल के बीच खरमास खत्म हो गया है।

दरअसल, पिछले कई दिनों से यह चर्चा राजनीतिक गलियारों में बनी हुई थी कि क्या जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस भोज में शामिल होंगे। क्योंकि काफी लंबे वक्त ने नीतीश और लालू की मुलाकात नहीं हुई है। न तो नीतीश बीते कई दिनों से राबड़ी आवास गए थे और न ही लालू यादव मुख्यमंत्री आवास। मालूम हो कि, सूबे में मकर संक्रांति के मौके पर दही-चूड़ा के भोज के बहाने सियासत साधना कोई नई बात नहीं है। बिहार से लेकर दिल्ली तक चूड़ा-दही के भोज पर राजनीतिक दिग्गजों की जुटान होती रही है। इस साल भी मकर संक्रांति पर विभिन्न राजनीतिक दलों के नेतागण मकर संक्रांति पर पटना में भोज का आयोजन किया।

### विजय कुमार चौधरी बोले...सभी को भुगतना पड़ सकता है सीट शेयरिंग में देरी का नुकसान

**पटना।** इंडी गठबंधन में सीट शेयरिंग में हो रही देरी को लेकर कयासों का बाजार गर्म है। कहा जा रहा है कि विपक्षी गठबंधन में कोई भी दल सीटों पर समझौता करने को तैयार नहीं है और सभी को अधिक से अधिक सीटें चाहिए। सीट शेयरिंग में हो रही देरी पर जेडीयू ने कहा है कि जितनी जल्दी सीटों का बंटवारा हो जाए, वह अच्छा होगा। सीटों के बंटवारे में हो रही देरी का नुकसान सभी दल को भुगतना पड़ सकता है। मकर संक्रांति के बाद बिहार में सियासी बदलाव के सवाल पर बिहार सरकार में जेडीयू कोटे से मंत्री बने सीएम नीतीश के करीबी विजय कुमार चौधरी ने कहा है कि मकर संक्रांति के बाद राजनीतिक गतिविधियां तेज होंगी। चुनाव बिलकुल नजदीक है ऐसे में अब गठबंधन में तेजी आनी चाहिए। नीतीश कुमार शुरू से कहते रहे हैं कि सीट शेयरिंग जल्द हो जानी चाहिए। नीतीश कुमार ने पहले ही राज्यवार सीट शेयरिंग पर बातचीत करने को कहा था। उन्होंने कहा कि किसी भी गठबंधन की अंतिम सफलता सीट शेयरिंग पर ही निर्भर करती है। कांग्रेस का रुख साफ क्यूं नहीं ये तो कांग्रेस वाले ही बता सकते हैं। जितना जल्द सब हो जाता तो अच्छा होता। गठबंधन में सीट शेयरिंग पर देरी का फायदा और नुकसान सभी को होगा। नुकसान होगा तो सभी को होगा और फायदा होगा तो भी सबको होगा। गठबंधन के सभी घटक दलों को नीति बनाकर चुनाव अभियान में जुटना चाहिए।






### साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित राणा लंबे समय से बीमारी से जूझ रहे थे

# मशहूर शायर मुनव्वर राणा का निधन, लखनऊ में ली अंतिम सांस

**एजेंसी/लखनऊ**

मशहूर शायर मुनव्वर राणा का रविवार की देर रात निधन हो गया। जानकारी के मुताबिक, 71 साल की उम्र में उन्होंने अंतिम सांस ली। लखनऊ स्थित एसजीपीजीआई में उनका पिछले कुछ वक्त से इलाज चल रहा था। मुनव्वर राणा को साहित्य अकादमी पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था। वह लंबे समय से बीमार थे। उन्हें गले का कैंसर था। राणा के परिवार में उनकी पत्नी, पांच बेटियां और एक बेटा है। राना के बेटे तबरेज राणा ने बताया, बीमारी के कारण वह कई दिनों से अस्पताल में भर्ती थे। उन्हें पहले लखनऊ के मेदांता और फिर एसजीपीजीआई में भर्ती कराया गया, जहां उन्होंने रविवार रात करीब 11 बजे अंतिम सांस ली। मुनव्वर राणा का जन्म 26 नवंबर, 1952 को उत्तर प्रदेश के रायबरेली में हुआ था। उन्हें



उर्दू साहित्य में महत्वपूर्ण योगदान के लिए जाना जाता है। 2014 में कविता 'शहदाबा' के लिए उन्हें साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उनकी शायरी बेहद सरल शब्दों पर आधारित हुआ करती थी, जिसने उन्हें आम लोगों के बीच लोकप्रिय बनाया। मुनव्वर राणा के निधन पर यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने ट्वीट कर दुख व्यक्त किया है।

### ये है राणा साहेब की कुछ प्रसिद्ध शायरी

*किसी को घर मिला हिस्से में या कोई दुकाँ आई,*
*मैं घर में सब से छोटा था मिरे हिस्से में मां आई।*

*इस तरह मेरे गुनाहों को वो धो देती है,*
*मां बहुत गुस्से में होती है तो रो देती है।*
*मेरी ख़्वाहिश है कि मैं फिर से फरिश्ता हो जाऊं,*
*माँ से इस तरह लिपट जाऊँ कि बच्चा हो जाऊं।*

*लबों पे उसके कभी बद्दुआ नहीं होती,*
*बस एक माँ है जो मुझसे खफा नहीं होती*
*अब भी चलती है जब आँधी कभी गम की 'राना'*
*मां की ममता मुझे बाहों में छुपा लेती है।*

*अभी जिंदा है माँ मेरी मुझे कुछ भी नहीं होगा,*
*मैं जब घर से निकलता हूं दुआ भी साथ चलती है।*

### मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मशहूर शायर मुनव्वर राणा के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व. मुनव्वर राना मशहूर शायर और कवि थे। वे उर्दू के अलावा हिंदी और अवधी भाषाओं में लिखते थे। उनको उर्दू साहित्य के लिए 2014 का साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। मुनव्वर राणा के निधन से साहित्य जगत खासकर उर्दू साहित्य जगत को अपूरणीय क्षति हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ईश्वर से प्रार्थना है कि वे उन्हें जन्नत में अहम मकाम अता करे और उनके परिवार वालों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की ताकत दें।

# जनकल्याणकारी दिवस के रूप में मना बसपा सुप्रीमो मायावती का जन्मदिन

♦ बक्सर के रेलवे मैदान इटहरी में आयोजित कार्यक्रम में निःशुल्क मेडिकल शिविर लगा, इसमें लगभग 2000 लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिला

**केटी न्यूज/बक्सर**



बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन मायावती का जन्मदिवस सोमवार को बक्सर के रेलवे मैदान इटहरी में जनकल्याणकारी दिवस के रुप में मनाया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस अवसर पर बहुजन समाज पार्टी के केंद्रीय प्रभारी ई रामजी गौतम, बसपा के प्रदेश प्रभारी अनिल कुमार और केंद्रीय राज्य प्रभारी लालजी मेधानकर मौजूद रहे।

तीनों नेताओं ने वहां संयुक्त रूप से निःशुल्क मेडिकल शिविर का उद्घाटन किया। जिसमें हर तरह के उपचार की व्यवस्था थी। लगभग दो हजार लोगों को स्वास्थ्य शिविर में स्वास्थ्य लाभ मिला और एक हजार से अधिक लोगों के आंख में मोतियाबिंद का जांच किया गया। करीब पांच सौ से ज्यादा लोगों का ऑपरेशन पटना भेजकर करवाया जाएगा। पटना से आए आर्थोपैडिक, न्यूरोलॉजी, हृदय रोग, स्त्री रोग, जनरल फिजिशियन के विश्वस्तरीय विशेषज्ञ डाक्टर इस शिविर में शामिल होकर रोगियों का उपचार किये। साथ ही दवा और उचित जांच की भी व्यवस्था की गयी। इस दौरान आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद रामजी गौतम ने कहा कि बहनजी के जनकल्याणकारी दिवस पर यह आयोजन बहुजन समाज पार्टी के सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की सोंच को चरितार्थ करता है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों से अश्वनी चौबे बक्सर के सांसद हैं, जो केंद्र में स्वास्थ्य मंत्री भी रहे, उन्हें यहां की जनता की कोई फिक्र नहीं। यहां के लोगों को उन्होंने सिर्फ ठगने का काम किया है। मौके पर बसपा प्रदेश प्रभारी अनिल कुमार ने कहा कि जनकल्याणकारी दिवस पर बसपा द्वारा स्वास्थ्य शिविर के आयोजन में भाग लेने वाले सभी चिकित्सक और मेडिकल टीम को मैं सहृदय धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि हमलोगों का प्रयास है कि बक्सर की जनता स्वस्थ्य और संपन्न रहे।

## एक नजर

### खलिहान में अचानक आग लगने से सात सौ बोझा धान जलकर राख, लाखों का नुकसान



**औरंगाबाद।** गोह थानाक्षेत्र के दुल्ला बिगहा गांव में सोमवार की शाम एक खलिहान में अचानक आग लगने से दो किसान के लगभग सात सौ से अधिक धान की बोझा जलकर राख हो गई।सूचना मिलते ही फायर बिग्रेड की टीम पहुची और आग पर काबू पाया गया। युवा समाजसेवी गुड्डू यादव ने बताया कि हमलोग गांव में ही थे। उसी समय खलिहान से अचानक आग की लपेटे दिखाई दिया।हमलोग शोर मचाते हुए खलिहान के पास पहुँचे तबतक उपेन्द्र यादव व रामबली यादव के खलिहान में रखे धान के बोझे को आग अपनी आगोस में ले लिया था।हमलोग मोटर चालू कर आग को बुझाने का प्रयास किया ,लेकिन आग इधर बुझ रहा था तो उधर धधक रहा था।सूचना पर पहुँचे गोह थाना से फायर बिग्रेड की टीम ने घण्टो मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।इस अगलगी की घटना में किसान उपेन्द्र यादव के खलिहान में रखा 3 बीघा के साढ़े 4 सौ धान के बोझा जलकर राख हुई है।वही किसान रामबली यादव के खलिहान में रखा 2 बीघा के तीन सौ बोझा धान जलकर राख हो गई।पीड़ित किसान ने सरकार से उचित मुआबजे की मांग की है।

### समाजसेवी के श्राद्ध पर आयोजित नि :शुल्क चिकित्सा शिविर में 400 लोगों की हुई जांच



**औरंगाबाद।** गोह प्रखंड के बमार्खुर्द गांव में अवस्थित लॉर्ड बुद्धा कला मंच पर सोमवार को समाजसेवी के श्राद्ध में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग चार सौ से अधिक मरीजो को निःशुल्क जांच की गई। आयोजक दिलीप कुमार मेहता व रंजन कुमार ने बताया कि मैं दोनो भाई के द्वारा अपने पूज्यपिता स्व बालरूप मेहता के स्वर्गलोक सिधारने के बाद हमलोगों ने ठाना है कि उनके श्राद्ध में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जायेगा और हमलोगों ने चिकित्सा शिविर का आयोजन कर अपने पिता की श्रधांजलि दी। इस चिकित्सा शिविर में डॉ अभिनव कुमार,डॉ ए के रथ (आयुष चिकित्सा पदाधिकारी)डॉ मुकेश कुमार, सुमन कुशवाहा दंत चिकित्सक डॉ मुकेश कुमार के द्वारा चार सौ से अधिक मरीजों की स्वास्थ्य की जांच की गई। इस दौरान शिविर में आए लोगों के बीच निःशुल्क दवाएं भी दी गईं। साथ ही लोगों को निरोग रहने के गुर बताए गए। शिविर को सफल बनाने में समाजसेवी राकेश रौशन,जयकांत मौर्य, चन्दन कुमार बर्मा,वार्ड प्रतिनिधि बिजेंद्र मेहता,हरेंद्र मेहता के साथ दर्जनों लोग मौजूद थे।

## औरंगाबाद जिला के नबीनगर थाना क्षेत्र के तेतरिया मोड़ के पास की घटना

# कार पार्क करने को लेकर हुई मारपीट और फायरिंग में चार लोगों की मौत

**मॉब लिंचिंग**

♦ पार्किंग को लेकर विवाद के बाद कार सवार बदमाश ने गोली मारकर एक व्यक्ति की कर दी हत्या

♦ घटना के बाद गुस्साई भीड़ ने कार सवार तीन बदमाशों को पीट-पीटकर मार डाला, तीन की हालत गंभीर

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

औरंगाबाद जिला के नबीनगर थाना क्षेत्र के तेतरिया मोड़ के पास कार पर सवार बदमाशों ने बुजुर्ग शख्स की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान महुअरी गांव के रहनेवाले रामशरण चौहान के रूप में की गई। हत्या के बाद ग्रामीण आक्रोशित हो गए और कार सवार तीन बदमाशों को की पीट-पीटकर हत्या कर डाली। जबकि दो अन्य बदमाश ग्रामीणों की पिटाई से गंभीर रूप से घायल हैं। बताया जाता है कि दुकान के आगे कार खड़ा करने को लेकर दुकानदार से विवाद के बाद कार में बैठे पांच लोगों में से एक ने पिस्टल से दुकानदार पर गोली चला दी। गोली दुकानदार के बगल में बैठे एक ग्रामीण को लगी, जिससे वो गंभीर रुप से घायल हो गए। इलाज के लिए नबीनगर अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में ही मौत हो गई। इसके बाद आक्रोशित हुए स्थानीय लोगों ने मौके पर ही कार में सवार पांच लोगों की जमकर पिटाई कर दी, जिससे तीन की मौत हो गई। जबकि दो की हालत चिंताजनक बनी हुई है। वहीं बदमाशों की गोली से मरने वाले की पहचान नबीनगर थाने के महुअरी गांव निवासी रामशरण चौहान (60) के रूप में की गई है।



**मारे गए तीनों बदमाश पलामू के हैदरनगर के रहने वाले**

वहीं, ग्रामीणों के आक्रोश का शिकार बनकर मारे गए तीन बदमाशों और दो घायल पलामू के हैदरनगर के रहने वाले हैं। दोनों घायलों को नबीनगर रेफरल अस्पताल में इलाज के बाद बेहतर ट्रीटमेंट के लिए बड़े अस्पताल में रेफर किया गया है। मामले की जानकारी मिलते ही औरंगाबाद के सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मो. अमानुल्ला खां घटनास्थल पर पहुंचे। मौके पर नबीनगर थाने की पुलिस कैम्प कर स्थिति पर नजर बनाए हुए है। फॉरेंसिक साइंस लैब (एफएसल) पटना की टीम को घटनास्थल पर बुलाया गया है। घटना की पुष्टि करते हुए एसडीपीओ ने बताया कि नबीनगर के तेतरिया के पास होटल के सामने गाड़ी खड़ी करने को लेकर होटल वाले और कार सवारों के बीच बहस हुई थी। इसके बाद ये वारदात हुई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### खटाल संचालक की हत्या में वांटेड दो भाइयों के खिलाफ इश्तेहार को कोर्ट पहुंची पुलिस

**आरा।** उदवंतनगर थाना क्षेत्र के तेतरियां निवासी खटाल संचालक की हत्या में वांछित दक्षिण एकौना गांव निवासी करण सिंह और कुणाल सिंह के खिलाफ पुलिस का शिकंजा कसता जा रहा है। वारंट का तामिला कराने के बाद पुलिस दोनों भाइयों के खिलाफ इश्तेहार के लिए भी सोमवार को कोर्ट पहुंची है। एक दो दिन में इश्तेहार मिलने की उम्मीद है।

उसके बाद पुलिस की ओर से कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जायेगी। गड़हनी के बगवां गांव निवासी पूर्व मुखिया विनोद सिंह को गोली मारने में भी दोनों भाइयों का नाम आया है। उसके बाद पुलिस द्वारा दोनों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी गयी है। खटाल संचालक की हत्या में दक्षिण एकौना गांव निवासी करण सिंह और कुणाल सिंह के पिता निरंतर सिंह पहले से जेल में हैं। बता दें कि एक दिसंबर की रात जीरो माइल के समीप खटाल में घुसकर संचालक तेतरियां गांव निवासी रामायण सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। उसे लेकर निरंतर सिंह, करण सिंह और कुणाल सिंह चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। उसके बाद में ही करण और कुणाल फरार चल रहे हैं।

## खबरें फटाफट

### पारिवारिक विवाद में युवक ने जहर खाकर आत्महत्या का किया प्रयास

**जहानाबाद।** जहानाबाद के महिला थाना के समीप एक घर में हुए पारिवारिक विवाद के बाद एक युवक ने जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जिसके बाद उक्त युवक को आनन फानन में जहानाबाद सदर अस्पताल में लाया गया, जहां इलाज जारी है। युवक का नाम नीरज कुमार है जो की फिलहाल खतरे से बाहर बताया जा रहा है। नीरज के परिजन ने बताया कि घर में बच्चों के बीच झगड़ा हुआ इसी बात को लेकर बड़ों में कहा सुनी होने लगा कहा सुनी होते होते नीरज कुमार गुस्से में आ गया और जहर खा लिया। उन्होंने कहा कि मामूली विवाद के कारण या घटना हुई है, परिवार में छोटी-मोटी घटना तो होती ही रहती है,लेकिन इस तरह से अचानक जहर खा लेने से परिवार में अफरातफरी का माहौल कायम हो गया। उन्होंने कहा कि डॉक्टर द्वारा इलाज किया जा रहा है, जहर खाने के बाद तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिसके कारण यह व्यक्ति खतरे से बाहर है अगर थोड़ी देर की जाती तो बड़ी घटना भी हो सकती थी।

### पटना सिटी में दमकल की गाड़ी ने युवक को कुचला

**पटना।** पटना सिटी में दमकल की गाड़ी ने एक युवक को कुचल दिया। वहीं इस घटना में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं इस घटना के बाद घटना स्थल पर भीड़ इक्ट्ठा हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंची। मामला चौक थाना क्षेत्र के हाजीगंज एलआईसी ऑफिस के पास अशोक राजपथ का है। बताया जा रहा कि युवक को दमकल की गाड़ी ने कुचल दिया है। जिसमें उस व्यक्ति की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी है। घटना के बाद से अशोक राजपथ पर आवागमन प्रभावित हो गया। घटना के बाद से स्थानीय थाना की पुलिस के साथ साथ पुलिस बल को भी बुलाया गया था।

# सांसद सुशील कुमार सिंह ने की अपील...22 को सभी अपने घरों में जलाएं श्रीराम ज्योति

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**



सांसद सुशील कुमार सिंह ने सभी देशवासियों से करबद्ध प्रार्थना कि है कि 22 जनवरी को जब अयोध्या के श्री राम जन्मभूमि मंदिर में रामलला बिराजमान हो तो वे अपने अपने घरों में श्री राम ज्योति जलाए और दीवाली मनाएं।यह ऐतिहासिक पल के लिए हम सभी लोगो ने 550 साल इंतजार किया है। यह ऐतिहासिक क्षण बहुत भाग्य से हम सभी के जीवन में आया है। अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि पर प्रभु श्री राम के भव्य मंदिर को हम सब अपनी आँखों से बनते हुए देख रहे है। राम मंदिर का निर्माण होना ही रामराज्य की कल्पना को पुष्टि करता है। अयोध्या में आत्मिक सुख की अनुभूति देने वाला भगवान श्री राम का भव्य मंदिर आकार ले चुका है।भावनाओं को शब्द देना मुश्किल है।भव्य मंदिर में रामलाल के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की घड़ी जैसे-जैसे समीप आ रही है।वैसे-वैसे देश दुनिया के रामभक्तों में प्रभु दर्शन करने की उत्सुकता भी बढ़ रही है। देश-दुनिया के राम भक्त पलक पावड़े बिछाकर जिस ऐतिहासिक पल का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संकल्पों से 22 जनवरी को वह साकार होने वाला है। अयोध्या नगरी दिव्यता भव्यता और नव्यता की पर्याय बनने जा रही है।प्रभु श्री राम मंदिर का निर्माण तीन मंजिला हो रहा है जो पारंपरिक नगर शैली में बनाया गया है। रामलला के विग्रह की भव्यता दिन-प्रतिदिन निखरती जा रही है।

### पटना में युवक पर जानलेवा हमला, बाल-बाल बची जान

**पटना।** राजधानी पटना के पॉश इलाके में गोलीबारी की घटना सामने आई है। मामला पटना के कोतवाली थाना क्षेत्र के दरोगा राय पथ स्थित चेतना भवन परिसर में रविवार की देर रात गोलीबारी की घटना सामने आई है। आरोप है कि दुल्हिन बाजार के प्रखंड प्रमुख के पति मनोज कुमार ने अपने छह साथियों संग संतोष कुमार पर जानलेवा हमला किया है। हालांकि इस हमले में युवक बाल बाल बाल बच गया है। जिसके बाद उन्होंने कोतवाली थाने में सात लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। मामले में कोतवाली लॉ एंड ऑर्डरडीएसपी कृष्ण मुरारी प्रसाद ने बताया कि शिकायत की जांच की जा रही है।

# जहानाबाद में पुलिस कर्मियों ने गुमशुदगी के बाद तत्परता से खोजबीन करने की ली शपथ

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

रतनी में शकूराबाद थाना के पुलिस ने सोमवार को थाना परिसर में इंस्पेक्टर दीपक कुमार के नेतृत्व में नाबालिग लड़कियों की गुमशुदगी के बाद तत्परता से खोजबीन करने की शपथ ली। शपथ लेते समय सभी पुलिसकर्मियों ने उद्घोषणा किया की फुलवारी शरीफ में दो नाबालिग बच्चियों के साथ दुष्कर्म के बाद एक की हत्या हुई है। उसको सबक मानते हुए हर गुमशुदगी मामलों में जैसे ही सूचना मिलती है वैसे ही तत्परता के साथ सभी संसाधनों का उपयोग करते हुए गुमशुदा व्यक्ति की तलाश के लिए हर संभव प्रयास करने का शपथ लेता हू। शपथ के दौरान सभी अधिकारियों व पुलिस कर्मियों को शपथ दिलाई गई कि इस प्रकार के मामले ज्योंहि थाना में आते हैं। मामले को त्वरित संज्ञान में लेते हुए बरामदगी की दिशा में प्रयास तेज करने की जरूरत है। क्योंकि ऐसा देखा जा रहा है कि शुरूआती मामलों में यदि त्वरित कार्रवाई करते हुए बरामदगी की दिशा में प्रयास किया जाए तो गुमशुदा हुए लोग बरामद भी हो जाते हैं। मौके पर इंस्पेक्टर दीपक कुमार के अलावा एसआई विभा कुमारी , रामनाथ पासवान, रामचंद्र सिंह ,शंभू नाथ सिंह, थाना मैनेजर कविता कुमारी, सनी कुमार मृत्युंजय कुमार ,सनी राज, पूजा कुमारी, मंजू कुमारी सहित तमाम अधिकारी व कर्मी उपस्थित रहे।




# राजद विधायक के फिर बिगड़े बोल कहा- मैं राम-सरस्वती को नहीं मानता

**केटी न्यूज/पटना**



एक तरफ जहां लालू-तेजस्वी सनातन धर्म के महापर्व मकर संक्रांति पर दही-चूड़ा भोज आयोजित कर रहे हैं तो वहीं दूसरी तरफ उनकी ही पार्टी के नेताओं ने सनातन धर्म और हिंदू देवी देवताओं के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। खुद को महिसासुर का वंशज बताने वाले आरजेडी के विधायक फतेह बहादुर सिंह ने एक बार फिर श्रीराम, मां सरस्वती के अस्तित्व पर सवाल उठाया और सावित्रीबाई फुले को शिक्षा की देवी बता दिया।

दरअसल, एक तरफ तो आरजेडी के नेता सनानत धर्म और हिंदू देवी देवताओं के खिलाफ जहर उगल रहे हैं तो वहीं दूसरी तरफ उनके चीफ लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव मकर संक्रांति का पर्व मना रहे हैं और दही-चूड़ा का भोज आयोजित कर रहे हैं। इस भोज में शामिल होने पहुंचे डेहरी के आरजेडी विधायक फतेह बहादुर सिंह ने एक बार फिर कहा है कि वे श्री राम और शिक्षा की देवी मां सरस्वती को नहीं मानते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा की देवी सावित्रीबाई फूले हैं। फतेह बहादुर ने कहा कि लालू के भोज में लोग दही-चूड़ा खाकर जा रहे हैं और शपथ ले रहे हैं कि केंद्र में जो नरेंद्र मोदी की सरकार है उसे मिटाना है और संविधान को बचाना है। विवादित बयान क्यों दे रहे हैं? इस पर उन्होंने कहा कि जो बातें उन्होंने कही है पहले कोई उसका जवाब दे दे उसके बाद सवाल पूछे। जिस चीज को सुप्रीम कोर्ट ने काल्पनिक मान लिया है उस चीज को मामने का मतलब ही नहीं है, आपलोग सुप्रीम कोर्ट से जाकर पूछिए। विधायक ने कहा कि शिक्षा की देवी मां सरस्वती नहीं बल्कि सावित्रीबाई फूले हैं। शिक्षा में सरस्वती की क्या भूमिका है?






# मकर संक्रांति पर लाखों लोगों ने गंगा में लगाई डुबकी, खाया चूड़ा दही

◆ मकर संक्रांति पर बक्सर के विभिन्न गंगा घाटों पर तकरीबन एक लाख लोगों ने गंगा में लगायी डुबकी

**केटी न्यूज/बक्सर**





सोमवार को मकर संक्रांति का त्योहार परंपरागत तरीके से संपन्न हुआ। इस दौरान लोगों ने गंगा स्नान कर दान पूण्य के बाद परंपरा के अनुसार दिन में चूड़ा दही तथा रात में खिचड़ी चोखा का प्रसाद ग्रहण किया। मकर संक्रांति पर बक्सर के विभिन्न गंगा घाटों पर तकरीबन एक लाख लोगों ने गंगा में डुबकी लगायी। स्नान करने के लिये रविवार की देर रात से ही अन्य जिला के लोग भी पहुंचे थे। स्नान करने के लिये काफी संख्या में महिलाएं, पुरुष और युवा-युवतियां पहुंचे थे। गंगा स्नान करने के बाद लोगों ने अनाज छुकर गरीबों को दान की। इसके बाद चूड़ा-दही का भोग लगाया। रामरेखा घाट जाने वाली रास्ते में काफी भीड़ रहा। रामेश्वर मंदिर में पूजा-पाठ करने के बाद श्रद्धालुओं ने दान-पुण्य की। अहले सुबह 3 बजे से ही लोगों ने गंगा में स्नान शुरू कर दिया, जो दोपहर तक जारी रहा।

मान्यता है कि मकर संक्रांति के दिन गंगा में स्नान करने से पाप कट जाता है। बक्सर के रामरेखा घाट का एक अलग ही महत्व है। मकर संक्रांति को लेकर देर शाम तक बाजार में भीड़ रही। पर्व को लेकर बाजार भी गरम रहा। गत पांच दिनों से पड़ रही कड़ाके की ठंड में दोपहर बाद निकली धूप से लोगों को ठंड से राहत मिली। लिहाजा बाजार में चहल-पहल रहा। पीपी रोड से लेकर मुनीम चौक तक सड़क पर मकर संक्रांति को लेकर चूड़ा, गुड़, तिलकुट की दुकानें सजी रहीं। वैसे तो शहर के अधिकांश सड़कों पर लाई-चूड़ा से लेकर गुड़ व तिलकुट की स्थायी और अस्थायी दुकानें सजी थीं। लोगों ने दही-चूड़ा, तिलवा, तिलकुट खाया। इसके बाद पतंगबाजी का भी आनंद लिया।

गंगा घाटों पर जुटने वाली भीड़ के मद्देनजर जगह-जगह मजिस्ट्रेट, दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी समेत काफी संख्या में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गयी थी। विधि व्यवस्था को लेकर मॉडल थाना, मुफ्फिसल थाना, औद्योगिक थाना, सिमरी, और नैनीजोर थाना को निर्देश दिया गया था कि पर्व को लेकर विशेष चौकसी रखा जाए। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पर्याप्त संख्या में पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल तैनात किये गये थे।

## एक नजर

### वरीय उपसमार्हता ने किया प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण

**केसठ।** ओएसडी रश्मि सिन्हा ने सोमवार को प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यालय के विभिन्न अभिलेखों एवं पंजियों को खंगाला । जिसे देख अधिकारियों एवं कर्मियों में हड़कंप मचा हुआ था। ओएसडी के निरीक्षण में नौ कर्मी बिना सूचना के गायब पाए गए। जिसपर ओएसडी ने नाराजगी जताते हुए सभी बिना सूचना के गायब कर्मियो का अपसेंटी काटते हुए स्पष्टीकरण की मांग की है। निरिक्षण में गायब रहने वालों में आईटी अभय कुमार सिंह, टेक्निकल एसिस्टेंट बीर बहादुर सिंह, समाजिक सुरक्षा पेंशन आपरेटर रेखा कुमारी, पंचायती राज आपरेटर कुसुम कुमारी, श्वेता कुमारी, ग्रामीण आवास सहायक राजीव रंजन, रविन्द्र कुमार, कार्यपालक सहायक सुनील कुमार सिंह कार्यपालक सहायक एसवीएम लाल वचन भारती के नाम शामिल है। ओएसडी ने बताया कि निरीक्षण में बिना सूचना के गायब कर्मियो से स्पष्टीकरण की मांग की है। स्पष्ट जवाब नहीं मिलने पर करवाई की जाएगी। साथ ही इसकी रिपोर्ट जिला को उपलब्ध कराने की बात कही। वही उपस्थित कर्मियों को कई महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिया।

### तीन बच्चों के पिता के संग भागी चार बच्चों की मां

**चौगाई।** कहा जाता है कि प्यार अंधा होता है। मुरार थाना क्षेत्र के चौगाई गांव में यह देखने को भी मिला। जब तीन बच्चों के पिता के संग चार बच्चों की मां को प्यार हो गया। दोनों एक दूसरे के प्यार में इस कदर अंधे हो गए कि अपने बच्चें तथा परिवार की फिक्र तथा लोक लाज की परवाह छोड़ घर से फरार हो गए। हालांकि महिला के पति को इस बात की जानकारी हो गई तथा वह तत्काल मुरार थाने में जाकर अपनी पत्नी के कथित प्रेमी के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज करा दिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त युवक के पिता को हिरासत में ले पूछताछ शुरू किया तथा उसके पिता से युवक की बात कराई।

### शराब बेचने व पीने से मना करने पर युवक की पिटाई



**डुमरांव।** गांव में शराब बेचने तथा पीने से मना करने तथा उनकी करतूतों का मोबाईल में बीडीओ बनाने से नाराज शराब तस्करों ने एक युवक की लात घुसों से पिटाई कर दी। बीच बचाव करने आई उसकी मां को चाकू मार जख्मी कर दिया गया। तस्करों की चाकुबाजी में मां-बेटे की हालत गंभीर बनी हुई है। अनुमंडलीय अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें सदर अस्पताल तथा वहां से पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया गया है। घटना नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के नोनियाडेरा गांव में सोमवार दोपहर एक बजे की है। इसकी जानकारी मिलते ही तत्काल पुलिस मामले की जांच व आरोपियों की गिरफ्तारी में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार उक्त गांव में शराब तस्करी रोकने के लिए पुलिस ने युवाओं की एक टीम बनाई थी तथा उनसे शराब बेचने तथा पीने वालों की जानकारी पुलिस को देने के लिए जागरूक किया था। इसी जागरूकता अभियान से जुड़ा गांव का युवक मनीष कुमार ने दोपहर में गांव के पास कुछ लोगों को बैठ शराब बेचते और पीते देखा। मनीष ने उन्हें ऐसा करने से मना किया तथा उनकी हरकतों को अपने मोबाईल में कैद करने लगा। इस दौरान तस्कर उसे दौड़ाकर पकड़ लिए तथा उसका मोबाईल छिन फेंक दिए और उसकी पिटाई करने लगे। इसकी जानकारी मिलते ही उसकी मां उसे बचाने गई। इसी दौरान नामजदों ने उसे तथा उसकी मां को भी चाकू मार दिया। मां के पेट में चाकू लगा है तथा उसकी हालत नाजूक बनी हुई है। हालांकि घटना के बाद से पीड़ित इलाज कराने में व्यस्त है। जिस कारण एफआईआर दर्ज नहीं हो सका है। वैसे इस घटना को ले गांव में तनाव व्याप्त है। डुमरांव डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि घटना की जानकारी मिली है। इसकी जांच करवाई जा रही है। पीड़ितों द्वारा इस मामले में अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं कराया गया है।

## खबरें फटाफट

### जिले में ठंड का प्रकोप जारी, 7 डिग्री रहा न्यूनतम तापमान रहा

**बक्सर।** जिले में ठंड के कारण जन जीवन सोमवार को भी प्रभावित रहा। ठंड के कारण लोग अपने घरों में दुबके रहे। दोपहर में सूर्य की रोशनी तो लोगों को मिलनी शुरू हुई लेकिन पछुआ तेज हवा के कारण धूप से लोगों को राहत महसूस नहीं हुई। धूप होने के बाद भी जिले का न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। जिसके कारण ठंड से लोगों का हाल बेहाल रहा। हवा के कारण धूप पूरे दिन बेअसर रही।

### यातायात के नियमों के बारे में युवाओं को दिया गया प्रशिक्षण

**बक्सर।** नेहरू युवा केंद्र, बक्सर तथा जिला प्रशासन के बैनर तले सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत सोमवार को युवाओं को प्रखंडवार एक दिवसीय सड़क सुरक्षा तथा यातायात नियमों के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। ताकि अपने-अपने प्रखंड में जाकर लोगों को यातायात का नियमों के बारे में जागरूक करें। जिला युवा अधिकारी सागर माहेश्वरी ने बताया कि सड़क सुरक्षा सप्ताह के तीसरे दिन युवाओं को नगर थाना, बक्सर के आसपास सड़कों पर सुरक्षा के बारे में जानकारी दिया गया। कार्यक्रम में अजीत राय, रोहित यादव, विकास राय ,भारत पांडे, गणेश कुमार शामिल रहे।

## नोनियापुरा गांव से चार दिनों से लापता है गायघाट का युवक

# अब एसएफएल व डॉग स्क्वायड सुलझाएगी गायब होने की गुत्थी

◆ आरोपी के घर की महिलाओं से पूछताछ में नहीं मिला कोई सुराग, देर होने पर बढ़ते जा रही है परिजनों की चिंता

**केटी न्यूज/डुमरांव**





11 जनवरी को नोनियापुरा गांव से लापता हुए ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के गायघाट गांव निवासी रविरंजन पाठक उर्फ मूसन पाठक का पता लगाने के लिए पुलिस ने एसएफएल टीम व डॉग स्क्वायड का सहारा लिया है। रविवार की रात कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के नोनियापुरा स्थित आरोपी मनू बिंद के घर पटना से आई एसएफएल की टीम पहुंची तथा कई साक्ष्यों को अपने साथ फॉरेंसिक जांच के लिए ले गई। जबकि डिहरी से आए डॉग स्क्वायड की टीम भी उसके घर का मुआयना की। लेकिन फौरी तौर पर सफलता हाथ नहीं लगी है। फॉरेंसिक टीम ने आरोपी के घर के दीवाल में सटे बाल, जमीन पर गिरे खून के छींटे को जांच के लिए अपने साथ ले गई है। वहीं सोमवार को डॉग स्कवायड टीम डिहरी से पहुची पहले लापता व्यक्ति के जैकेट स्वान दस्ता को दिया गया उसके बाद आरोपी के घर से निकल कर कुत्ता पूरब दिशा में नोनियापुरा गांव के तरफ गया वहां से खोजी कुत्ता फिर वापस आरोपी के घर पर आया लेकिन कुछ भी सुराग नहीं मिल पाया। खोजी कुत्ते को आरोपी के घर के 500 मीटर के दायरे में घुमाया गया, इसके बाद उसे लौटा लिया गया। इसके साथ हीं डुमरांव डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी, ब्रह्मपुर थानाध्यक्ष रंजीत कुमार,सब इंस्पेक्टर रवि कुमार कृष्णाब्रह्म थानाध्यक्ष नीतीश कुमार सहित पुलिस बल के मौजूदगी में घटना स्थल के कोने कोने की तलाशी ली गई ताकि कुछ हाथ लग सके। लेकिन पुलिस न तो परिजनों से ही कोई ठोस जानकारी ले सकी है और न ही उसके घर से कुछ ठोस साक्ष्य ही हासिल कर पाई है। जिस कारण पुलिस अभी हवा में ही तीर चलाने जैसा काम कर रही है।

**क्या है मामला:** बता दें कि ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के गायघाट निवासी 41 वर्षीय रविरंजन पाठक उर्फ मूसन पाठक 11 जनवरी को अपने घर से यह बोलकर निकला था कि मैं नोनियापुरा मनू बिंद के घर अपने रूपयों का तगादा करने जा रहा हूं। लेकिन उसके बाद वह लौट कर घर नहीं आया। परिजनों ने 13 जनवरी को इस मामले में ब्रह्मपुर थाने में एफआईआर दर्ज करया। जिसके बाद पुलिस मामले की पड़ताल में जुटी। रविवार को आरोपी के घर की महिलाओं को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। लेकिन कोई परिणाम नहीं निकल सका। उसके संबंध में जानकारी नहीं मिलने से परिजनों की चिंता बढ़ते जा रही है।

**कहते हैं डीएसपी:** इस मामले की जांच की जा रही है। आरोपी के परिजनों से पूछताछ की गई है। डॉग स्क्वायड तथा फारेंसिक टीम का सहारा भी लिया गया है। जल्दी ही इस मामले का उद्भेदन कर लिया जाएगा।

**- अफाक अख्तर अंसारी, डीएसपी, डुमरांव**

## जनकल्याणकारी योजनाओं से रूबरू हुए छात्र व अभिभावक




**केसठ/चौगाई।** बिहार सरकार के निर्देश पर शिक्षा विभाग ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से स्कूली बच्चों व आमजनों को अवगत कराने को ले माध्यमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालयो में शिक्षा संवाद कार्यमक्रम आयोजित कराया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को केसठ प्रखंड के प्लस टू उच्च विद्यालय कतिकनार, प्लस टू उच्च विद्यालय रघुनाथपुर तथा चौगाईं प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय ओझा बरांव में शिक्षा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कतिकनार में आयोजित कार्यक्रम ओएसडी रश्मि सिन्हा के नेतृत्व में आहूत की गई। कार्यक्रम में वर्ग नौ से 12 तक के सभी छात्र छात्राएं तथा उनके अभिभावकों से संवाद स्थापित कर शिक्षा विभाग से जुड़े सभी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही उन बच्चों के बेहतर भविष्य, स्वरोजगार, नियोजन, शैक्षिक अभिवृद्धि के बारे में चर्चा करते हुए। अन्य विभिन्न विभागों के संचालित योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। मौके पर बीईओ राजेश राम, शिक्षा विभाग के बीपीएम सुनील कुमार, बीपीएम जीविका धर्मेन्द्र गुप्ता, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विनय कुमार, पूर्व सीआरसी मनोज कुमार संजय बारी, प्रदीप कुमार आदि उपस्थित रहे।

वहीं उत्क्रमित उच्च विद्यालय ओझा बराव में आयोजित शिक्षा संवाद में प्रखंड विकास पदाधिकारी तेज बहादूर सुमन, पंचायती राज पदाधिकारी, जिला प्रबंधक बीआरपी, बीपीएम एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक धीरज कुमार उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में बच्चों को लाभकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई एवं अभिभावकों से सुझाव मांगा गया। कार्यक्रम में मंच का संचालन उपेंद्र कुमार पांडेय ने किया।

# धनसोई में आभूषण दुकान से लाखों की चोरी

◆ पुलिस पर ग्रामीणों ने लगाया उदासीनता का आरोप, नहीं होती रात्रि गश्ती
◆ चोरों ने दुकान का शटर तोड़कर आठ क्विंटल वजनी आलमीरा ले गये अपने साथ

**केटी न्यूज/धनसोई**



स्थानीय थाना क्षेत्र के समहुता पोखरा के समीप एक आभूषण की दुकान में रविवार की रात चोरों ने चोरी की भीषण घटना को अंजाम दिया है। चोरों ने दुकान का शटर तोड़कर आठ क्विंटल वजनी आलमीरा व तिजोरी को के साथ ही 30 ग्राम सोना तथा चांदी के आभूषणों के अलावे 25 हजार रूपए नगद चुरा लिए है। हालांकि सुबह में दुकान से कुछ ही गज की दूरी पर पुआल में छिपा कर रखे गए तिजोरी को पुलिस ने बरामद कर लिया। सोमवार को घटना की सुचना मिलते ही समहुता पहुंचे एसडीपीओ धीरज कुमार ने जांच किया साथ ही फोरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य एकत्रित किया। ज्ञात हो कि दिनारा के रहने वाले विष्णु वर्मा धनसोई दिनारा मुख्य पथ पर मुबारकपुर बाजार में लगभग तीन चार वर्षो से किराए की मकान में सोने चांदी एवं बर्तन की दुकान चलाते हैं। रविवार की रात वह दुकान बंद कर अपने गांव दिनारा चले गए। सोमवार की सुबह ग्रामीणों से सूचना मिली कि दुकान का शटर टूटा हुआ है, जब दुकानदार दुकान पर पहुंचे तो देखे की सोने चांदी का आलमीरा अपने जगह से गायब हैं, वही दुकानदार ने बताया कि लोहे की अलमीरा का कुल वजन आठ क्विंटल था, जिसमे तीस ग्राम सोने का आभूषण व चांदी के गहने थे। वही नगदी पच्चीस हजार रूपए रखे हुए थे। वही ग्रामीणों का कहना है कि शटर को लोहे के यंत्र से उठा कर तोड़ा गया है, और आधा शटर हुआ उठा था। जब अंदर गए तो देखे कि तिजोरी ही गायब है, इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। दुकानदार ने बताया कि दुकान मे लगभग तीन लाख चौसठ हजार रुपए के सोने व चांदी के आभूषण थे। डीएसपी धीरज कुमार ने कहा कि चोरी की घटना की जांच की जा रही है। जल्द ही घटना का पदार्फाश कर दिया जाएगा। वही उन्होंने बताया दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के सामने खेत से लोहे की अलमीरा बरामद किया गया।

# नहीं रहे मध्य विद्यालय सिकठा के प्रभारी प्रधानाध्यापक

**केटी न्यूज/डुमरांव**



मध्य विद्यालय सिकठा के प्रभारी प्रधानाध्यापक व मुगांव निवासी जगनारायण प्रसाद का निधन हो गया है। उनका निधन सोमवार की शाम बक्सर के एक निजी अस्पताल में हुआ है। परिजनों की मानें तो सोमवार को सुबह वे स्कूल के लिए घर से निकले थे, लेकिन रास्ते में ही अचानक उनका तबीयत खराब हो गया। जैसे तैसे घर आने पर इलाज के लिए परिजन लेकर बक्सर के एक निजी अस्पताल में गए। जहां इलाज के दौरान इनकी मौत हो गई। बताया जाता है कि उनका निधन ठंड की वजह से हुई है। इसकी खबर मिलते ही शिक्षकों में शोक की लहर दौड़ गई। बताया जाता है कि वे बीपीएसएसी से चयनित हो सन 2000 में शिक्षक बने थे। फिलहाल वे मध्य विद्यालय सिकठा के प्रभारी प्रधानाध्यापक थे। बता दें कि शिक्षा विभाग ने मकर संक्रांति के दिन भी स्कूलों को खुला रखने का निर्देश दिया है। वे अपने पीछे पिता रामनाथ प्रसाद, पत्नी तथा दो बेटा और दो बेटी समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए है। शिक्षकों ने बताया कि वे व्यवहार कुशल तथा काफी योग्य शिक्षक थे। उनके असामयिक निधन से पूरा गांव रो पड़ा। उनके निधन पर शिक्षक उपेन्द्र पाठक, जयशंकर कुमार, पूणानंद मिश्र, नवनीत श्रीवास्तव, राकेश पांडेय समेत दर्जनों अन्य शिक्षकों ने गहरा शोक जताया है।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र या जिला सदर अस्पताल जाने से मरीजों को मिलेगा छुटकारा

# ई-संजीवनी टेली कंसल्टेशन से मरीजों को मिलेगा ई-प्रिसक्रिप्शन पर्चा

◆ 16 जनवरी को चलाया जाएगा टेली कंसल्टेशन का महा अभियान

**केटी न्यूज/बक्सर**



जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने और मरीजों को सुविधाजनक इलाज व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग तत्पर है। समय समय पर मरीजों के इलाज, उपचार व अन्य सेवाओं को और भी अपग्रेड किया जा रहा है। ताकि, भविष्य में मरीजों को इलाज कराने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इसी क्रम में ई-संजीवनी टेली कंसल्टेशन को भी अपग्रेड किया जा रहा है। जिसके तहत अब सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में आने वाले मरीजों को टेली कंसल्टेशन के बाद ई-प्रिसक्रिप्शन का पर्चा भी मिलेगा। जिसमें मरीज का नाम, उनकी बीमारी, डॉक्टर के द्वारा चलाई जाने वाली दवाओं का नाम और परामर्श होगा। जिससे भविष्य संबंधित बीमारी का इलाज कराने के दौरान मरीजों का पर्चा रिव्यू कर उनको बेहतर इलाज और परामर्श उपलब्ध कराया जा सके। ई-प्रिसक्रिप्शन का पर्चा प्रिंट करने के लिए जिले के सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में प्रिंटर मशीन लगाए जा रहे हैं। ताकि, मरीजों को ई-प्रिसक्रिप्शन का पर्चा के साथ सभी दवाएं उपलब्ध कराया जा सके। सभी कार्य दिवस पर उपलब्ध कराई जाती है टेली कंसल्टेशन की सुविधा सदर प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक प्रिंस कुमार सिंह ने बताया कि टेलीकंसल्टेशन की स्वास्थ्य सुविधा लेने के लिए मरीजों को अपने नजदीकी चयनित स्वास्थ्य संस्थान पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन कराना होता है। जिसके बाद वहां तैनात चिकित्सक, सीएचओ या एएनएम द्वारा ऑनलाइन विभाग द्वारा जारी मैंदरममअंदप.पद पोर्टल के माध्यम के टेलीकंसल्टेशन स्वास्थ्य सेवा की सुविधा दिलाई जाती है। इस संबंध में सिविल सर्जन डॉ. सुरेश चंद्र सिन्हा ने बताया कि टेली कंसल्टेशन के माध्यम से मरीजों को सुगम तरीके से इलाज मुहैया होगा।






# बसपा कार्यकर्ताओं ने मायावती को पीएम बनाने का लिया संकल्प

♦ धूमधाम से मना पूर्व मुख्यमंत्री का जन्मदिन

केटी न्यूज/ चंदौली

बहुजन समाज पार्टी जिला इकाई की ओर से मुख्यालय स्थित एक लान में बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती का जन्मदिन कार्यकर्ताओं ने धूमधाम के साथ मनाया। जहां पर कार्यकर्ताओं ने भारत के संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर व बहुजन समाज के संस्थापक कांशीराम के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर कार्यकताओं और पदाधिकारियों ने बसपा सुप्रीमो को प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया। वहीं संस्कृत कार्यक्रम के माध्यम से पप्पू लहरी वहीं पप्पू राजा ने मिशन गीत प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। इस दौरान वाराणसी मंडल प्रभारी डॉ विनोद कुमार ने कहा कि बसपा सुप्रीमो मायावती के जन्मदिन पर हम सभी कार्यकताओं को संकल्प लेने की जरूरत है कि आगामी लोकसभा में एक-एक वोट बहुजन समाज पार्टी को देंगे। यही नहीं समाज के लोग अन्य लोगों को जोड़ने के लिए गांव गांव पहुंचें और बसपा की नीतियों और सिद्धांतों से अवगत कराएं। बहुजन समाज पार्टी में ही समाज के सभी वर्गों का भला है। मायावती के मुख्यमंत्री काल में कानून व्यवस्था के साथ विकास आज तक किसी की सरकार ने ऐसा नहीं किया। जिला प्रभारी तिलकधारी बिंद कहा कि मायावती के जन्मदिन पर सभी कार्यकर्ता अपने घर-घर में एक-एक कांशीराम बनाने की कोशिश करें। ताकि समाज का उत्थान हो सके। जब तक समाज का उत्थान नहीं होगा तब तक किसी भी समाज का भला नहीं हो सकता है।



## जन्मदिन पर बसपा सांसद अफजाल रहे नदारद

**गाजीपुर।** रामलीला लंका मैदान में आयोजित बसपा सुप्रीमो मायावती के जन्मदिन समारोह में सांसद अफजाल अंसारी की नामौजूदगी की चर्चा राजनीतिक गलियारों में जोरों पर रही। राजनीतिक पंडितों की मानें तो बसपा सांसद अफजाल अंसारी राजनैतिक शतरंज की बाजी अपने हिसाब से चलते रहे हैं। कभी साइकिल और हाथी की सवारी बदलने का भी काम किया। इतना ही नहीं जरूरत पड़ी तो खुद की पार्टी भी सांसद अफजाल अंसारी की बेटी की शादी में सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव और महासचिव शिवपाल यादव के शामिल होने पर जो चर्चा सुर्खियों में आई थी। आज उस चर्चा को और अधिक हवा लग गई है। बसपा सांसद अफजाल अंसारी ने अपना राजनैतिक करियर सरजू पांडेय की पार्टी कम्युनिष्ठ पार्टी से शुरू किया। इसके बाद मुलायम सिंह के साइकिल पर सवार हो गये। करीब पांच बार विधायक होने के बाद 2004 में सपा के साइकिल पर सवार होकर सांसद बन गये। लेकिन संसद में विश?वास मत हासिल करने के दौरान सपा का साथ न देने पर हासिए पर आ गये और हाथी पर सवार हो गये। 2009 में बसपा के टिकट पर चुनाव लड़े लेकिन हार का सामना करना पड़ा।

## एक नजर

### 24 किलो गांजा के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**चंदौली।** पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध अंकुश लगाने व मादक पदार्थ की तस्करी की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान में सदर कोतवाली पुलिस ने सोमवार को इलिया मोड़ के समीप तीन गांजा तस्करों को धर दबोचा जिनके पास से 24 किलो बरामद किया गया। पुलिस ने तस्करों को गिरफ्तार कर विभिन्न धाराओं में जेल भेज दिया। दरअसल कस्बा इंचार्ज अमित कुमार मिश्रा पुलिस बल से साथ इलिया मोड़ के समीप चेकिंग अभियान चला रहे थे इसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि बिहार की तरफ से तीन गांजा तस्कर भारी मात्रा में गांजा लेकर इलिया मोड़ के समीप खड़े हैं और सवारी वाहन से वाराणसी जाने वाले हैं। तभी कस्बा इंचार्ज अमित मिश्रा तीन युवकों को बंडल के साथ देख उनको धर दबोचा और उनकी तलाशी ली तो उनके पास से 24 किलो 935 ग्राम गांजा बरामद किया। पूछताछ में गांजा तस्करों ने अपना नाम भरत सिंह निवासी ग्राम सुडकुड थाना अधौरा जिला भभुआ बिहार जय प्रकाश सिंह निवासी ग्राम हरभोग थाना अधौरा जिला भभुआ बिहार अनिरोध यादव निवासी ग्राम दिधार थाना अधौरा जिला भभुआ बिहार बताया जिन्हें गिरफ्तार कर विभिन्न धाराओं में जेल भेज दिया गया। इस दौरान एसआई हरेन्द्र यादव, इन्द्रजीत यादव, विजय गौड़,मौजूद रहे।

### आर्म फोर्सेज डे पर भूतपूर्व सैनिक हुए सम्मानित

**मऊ।** डीएम अरुण कुमार ने कैंप कार्यालय स्थित सभागार में आर्म फोर्सज वेटरेंस डे पर भूतपूर्व सैनिकों एवं शहीदों की विधवाओं को शाल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने वहां पर सम्मानित सदस्यों के साथ उपस्थित परिवार जनों का स्वागत करते हुए देश के लिए प्राण न्योछावर करने वाले अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उन्होंने सैनिकों की शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निस्तारण हेतु अधिकारियों को विशेष प्रयास करने को कहा। उन्होंने कहा कि सैनिकों की समस्याओं के निस्तारण हेतु जिला सैनिक बंधु की नियमित बैठक की जाती है, जिसके दौरान उठाई गई समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु आवश्यक कदम उठाए जाते हैं। जिलाधिकारी ने सैनिकों को मिलने वाले कम छुट्टियों के दृष्टिगत उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण हेतु आस्वस्त भी किया। ज्ञातव्य है कि 14 जनवरी 1953 को जनरल केएम करियप्पा के सेवानिवृत्ति के उपरांत प्रत्येक वर्ष 14 जनवरी को आर्म फोर्सज वेटरंस डे का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर भूतपूर्व सैनिकों एवं शहीदों की विधवाओं को सम्मानित किया जाता है। आज सम्मानित होने वाले लोगों में चांदमाती देवी, आशा देवी, प्रमिला देवी, सुषमा देवी, पुष्पा देवी एवं नायक दुर्ग विजय सिंह शामिल हैं।

### पुलिया बना ही नहीं उसके नाम पर हो गया भुगतान

**बलिया।** विकास के पथ पर अग्रसर बलिया की हृदय पर उस समय चोट पहुंची, जब अधिकारी ही विकास की रफ्तार में रोड़ा बन रहा है। जनपद में विकास का आलम यह है कि जो पुलिया बना ही नहीं, उसके नाम पर भुगतान हो गया है। एक तरफ लोक निर्माण विभाग में तैनात अवर अभियंता अखिलेश कुमार व आशीष शुक्ला आरोपों के घेरे में है। बिना काम कराए फर्जी भुगतान का आरोप लगा है। वहीं योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति का मखौल उड़ रहा है। खड़ीचा निवासी राजन गुप्ता ने मुख्य अभियंता आजमगढ़ को लिखे पत्र में उल्लेख किया है कि अवर अभियंता अखिलेश कुमार व आशीष शुक्ला बिना कार्य के फर्जी भुगतान किया गया है। इनके द्वारा विभाग में फर्जीवाड़ा करना, भ्रष्टाचार को बढ़ावा देना तथा फर्जी आगणन बनाकर मुख्यालय जमा करना, पुलिया व सड़कों के भुगतान में फर्जीवाड़ा किया गया है। उदाहरण के तौर पर परमांदापुर अगरसंडा में पुलिया निर्माण का कार्य। इस स्थल पर कोई कार्य नहीं हुआ। लेकिन भुगतान कर दिया गया है। यदि मामले की ठीक से जांच हो जाएं तो योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति एक बार फिर से चरितार्थ हो जाएगी।

### रोटरी क्लब ने जरूरतमंदों को दिया कंबल व ऊनी वस्त्र

**गाजीपुर।** रोटरी क्लब गाजीपुर ने इनर व्हील तथा रोटरेक्ट क्लब के साथ मिलकर संयुक्त रूप से सामाजिक कार्य की परंपरा को निभाते हुए मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर गंगा के भिन्न-भिन्न घाटों पर जाकर आर्थिक रूप से असहाय निर्धन लोगों के साथ मकर संक्रांति का पर्व मनाया। इस अवसर पर उन्हें लाइ-चुड़ा, तिल-गुड़, गजक वस्त्र का वितरण किया तथा उन्हें ठण्ड से बचने के लिए शाल झकम्बल व ऊनी वस्त्रों का वितरण कियो कार्यक्रम का शुभारम्भ जनपद के ददरी घाट से हुआ इस पुनीत कार्य के सम्बन्ध में रोटरी क्लब के अध्यक्ष रो० सैयद जीशान जिया, सचिव रो० विनीता सिंह, डायरेक्टर क्लब सर्विसेज रो० संजीव कुमार सिंह ने अपने संयुक्त वक्तव्य में बताया कि इस वर्ष उनकी संस्था रोटरी क्लब गाजीपुर ने 1001 लोगों को कम्बल वितरण लक्ष्य रखा गया है। इस पुनीत कार्य में सैयद जीशान जिया, विनीता सिंह, संजीव कुमार सिंह, राजेश प्रसाद, असित सेठ, संजर नासिर, विनय कुमार सिंह,सीपी चौबे, अनुज श्रीवास्तव, राजेश गुप्ता, विनीता सिंह, राजश्री सिंह, प्रीति रस्तोगी, साक्षी जयसवाल तथा सुब्रोतो बागची, सहित अन्य मौजूद थे।

## खबरें फटाफट

### 22 जनवरी को रहेगी पूर्ण शराब बंदी

**मऊ।** जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु जिला मजिस्ट्रेट अरुण कुमार ने बताया कि जनपद-मऊ की समस्त देशी शराब, विदेशी शराब, बीयर, माडल शॉप, भांग व ताड़ी की फुटकर बिक्री की दुकानें एवं समस्त सी०एल०-2 (देशी शराब के थोक बिक्री का अनुज्ञापन) एवं एफ0एल0-2/2बी (विदेशी मदिरा एवं बीयर की थोक बिक्री का अनुज्ञापन) दिनांक 22 जनवरी 2024 को पूर्णतया बन्द रखे जायेंगे। इस बन्दी के लिए अनुज्ञापियों को कोई प्रतिफल देय नहीं होगा।

### शीतलहरी के कारण दो दिन बंद रहेंगे स्कूल

**चंदौली।** जिले में कड़ाके की ठंड और शीतलहर का प्रकोप जारी है। इसके मद्देनजर बेसिक शिक्षा विभाग ने कक्षा 1 से 8 तक के स्कूलों की छुट्टी बढ़ा दी है। सभी बोर्ड से संबद्ध कक्षा एक से 8 तक के स्कूल अब 17 जनवरी तक बंद रहेंगे। बेसिक शिक्षा अधिकारी सत्येंद्र कुमार सिंह ने आदेश जारी किया है। उन्होंने ठंड और शीतलहर को देखते हुए कक्षा 1 से 8 तक के परिषदीय विद्यालय समेत अन्य सभी मान्यता प्राप्त स्कूलों को 17 जनवरी तक बंद रखने का निर्देश दिया है। हालांकि इस दौरान शिक्षक, शिक्षामित्र व अनुदेशक विद्यालय में उपस्थित होकर विभागीय कार्यों को संपादित करेंगे।

### 32 करोड़ से होगा रेलवे स्टेशन का सौंदर्यीकरण

**बिल्थरारोड़।** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल में ए श्रेणी में सुमार बेल्थरारोड रेलवे स्टेशन के सौंदर्यीकरण के लिए रेल मंत्रालय द्वारा 32 करोड़ रुपये और स्वीकृत हो गया है। इसके साथ ही दो और ट्रेनों का ठहराव भी शुरू हो गया है। अब यात्रियों को मुंबई, पुणे की यात्रा सुगम हो गया है। जिससे क्षेत्रीय लोगो मे खुशी व्याप्त हो गयी है।लोकसभा सलेमपुर सांसद रवींद्र कुशवाहा ने बताया कि अमृत स्टेशन के तहत बेल्थरारोड रेलवे स्टेशन के सौंदर्यीकरण के लिए 32 लाख रुपये स्वीकृत हो गया है अब यह स्टेशन अपने नए रूप में दिखेगा। कहा कि ए श्रेणी में सुमार इस स्टेशन के जीर्णोद्धार का कार्य प्रगति पर है। साथ ही स्टेशन के प्लेटफार्म विस्तार, दोहरीकरण और विद्युतीकरण , मालगोदाम निर्माण का कार्य भी तेजी से जारी है।

### सपा संगठन हो मजबूत : यादव

**अलीनगर।**समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सोमवार को सपा कार्यकताओं की बैठक आयोजित की गई। इसमें आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए संगठन को मजबूत बनाने का कार्यकताओं से आह्वान किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए सपा नेता व पूर्व ब्लाक प्रमुख बाबूलाल यादव ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव समाजवादी पार्टी गठबंधन के साथ मिलकर दमदारी से लड़ने का काम करेगी। इसके लिए कार्यकर्ता बूथ स्तर पर कमर कसकर तैयार हो जाएं। मौजूदा भाजपा सरकार में महिलाएं,किसान,नौजवान,मजदूर, छात्र सहित सभी लोग परेशान हो त्रस्त हो चुके हैं।

## गाजीपुर की सुहवल पुलिस के कड़े मशक्कत बाद जाम से दिलाया निजात

# हमीद सेतु पर लगा तीन घंटे तक जाम

♦ एक खाली ट्रेलर पुल के बीचों बीच खराब हो गया था, झेलनी पड़ी परेशानी

केटी न्यूज/ गाजीपुर

सुहवल थाना अंतर्गत गंगा नदी पर स्थित हमीद सेतु से लगा उसके दोनों तरफ सोमवार की सुबह करीब दस बजे सेतु के दोनों तरफ कई किमी तक लंबी वाहनों की कतार लगने से भीषण जाम लग गया। सूचना पर पहुंची सुहवल पुलिस के कड़े मशक्कत के तीन घंटे बाद दोपहर एक बजे तक जाम समाप्त हो सका। तब जाकर राहगीरों सहित पुलिस ने सुकून महसूस किया। मगर यातायात को सुचारु बनाए रखने में पुलिस को इस ठंड के मौसम में भी शाम तक पसीना बहाना पड़ा। इस जाम के कारण राहगीरों, सरकारी, निजी नौकरी पेशा, छात्र- छात्राओं, मरीजों आदि को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई लोग तो वाहन छोड़ अपने गंतव्य के लिए पैदल रवाना हो गए। जाम के झाम का हालात यह रहा कि पैदल निकलना तक दुश्वार रहा। वाहनों की लंम्बी कतार व जाम को देखते हुए बहुत से वाहन चालक तो जमानियां से करंडा होते हुए निकलना मुनासिब समझे। ग्रामीणों ने बताया कि गाजीपुर जिला मुख्यालय की ओर से बीते रविवार की देर रात को एक खाली ट्रेलर सुहवल की तरफ आ रहा था कि लगाए गए हाइटगेज बैरियर के समीप राजमार्ग के बीचों बीच खराब हो गया। काफी प्रयास के बाद भी उसकी मरम्मत नहीं हो सकी। सुबह होते ही उसके दोनों तरफ वाहनों की काफी लंबी कतार लगने से भीषण जाम लग गया। लोगों ने बताया कि रजागंज पुलिस के द्वारा मनाही के बाद भी बड़े वाहनों को छोड़ दिया गया। इस तरह के जाम से लोगों को दोपहर तक सामना करना पड़ा। राहगीरों ने बताया कि पिछले कई महीनों बाद इस तरह के जाम के झाम से लोगों को जूझना पड़ा है। इस संबंध में थानाध्यक्ष संतोष कुमार राय ने बताया कि मार्ग के बीच में ही ट्रेलर के खराब होने से यह स्थिति बनी। फिलहाल जाम को समाप्त करा यातायात बहाल करा दिया गया है। वहीं दूसरी ओर ठंड के कारण आम लोगों को काफी परेशानी का सामना उठाना पड़ा। जो भी लोग मकर संक्रांति के लिए निकले थे। वह इस जाम में फंसे रहे। करीब तीन घंटे बाद राहत मिली।



## मकर संक्रांति पर श्रद्धालुओं ने लगाई गंगा में डुबकी

**गाजीपुर।** भगवान सूर्य उत्तरायण हो धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश किए, तो गंगा नदी के घाटों पर भक्तगण ब्रह्ममुहूर्त से ही स्नान -दान करने लगे। पतंगबाजी कर लोगों ने सूर्य देव के प्रति आभार जताया। सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने के दिन को मकर संक्रांति पर्व के रुप में मनाया जाता है। मान्यता है कि इसी दिन भगीरथ के पीछे-पीछे चलती हुई गंगा नदी कपिल मुनि के आश्रम होते हुए सागर में जाकर मिली थी। इस दिन को शुभ मानकर लोग गंगा स्नान कर दान देते हैं। इसे नई फसल की शुरूआत भी माना जाता है। मौनी बाबा के महंत सत्यानंद यति ने बताया कि पवित्र नदी में स्नान करके सूर्य को अर्घ्य देना चाहिए। अन्न का दान करके तिल, गुड़, रेवड़ी व खिचड़ी का सेवन करना चाहिए। मकर संक्रांति को पोंगल, माघी, उत्तरायणी, खिचड़ी के नाम से संबोधित किया जाता है। आसमान में पतंगबाजी कर लोग सूर्य देवता का आभार भी जताते है। कुछ प्रदेशों में महिलाएं नए वस्त्र धारण कर प्रियजनों संग मिलकर इस त्यौहार को मनाती है। इस त्योहार के अवसर पर महिला तथा पुरुषों ने गंगा स्नान करने के बाद पूजा पाठ किया। इसके बाद दान दिया। क्षेत्र के लोगों ने स्नान के बाद दही चुड़ा का आनंद लिया। एक दूसरे को तिलकुट भी उपहार स्वरूप दिया।

## अंडा उत्पादन में कम प्रगति पाये जाने पर भड़के डीएम

**बलिया।** डीएम रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को विकास भवन सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पोर्टल से प्राप्त विकास कार्यों से संबंधित विभिन्न योजनाओं की रैंकिंग एवं ग्रेडिंग के अनुसार बिंदुवार समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड सरकार द्वारा जनता के विश्वास को बनाए रखने के लिए बनाया गया है। इसमें संबंधित विभागों के रैंकिंग और ग्रेडिंग के आधार पर मूल्यांकन किया जाता है। सड़कों के अनुरक्षण और रखरखाव में कम प्रगति पाये जाने के कारण लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड और निर्माण खंड के दोनों अधिशासी अभियंताओं को स्पष्टीकरण देने का निर्देश डीएम ने दिया। दूध मूल्य भुगतान में अच्छी प्रगति पाए जाने पर डीएम ने दुग्ध विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों पर खुशी जताई। पशुधन विभाग की समीक्षा के दौरान अंडा उत्पादन में कम प्रगति पाये जाने पर डीएम ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया। पंचायती राज विभाग के अंदर पांचवा राज्य वित्त आयोग, स्वच्छ भारत मिशन फेज-2, स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत व्यक्तिगत शौचालय की निर्माण का आदेश दिया।

## विवाहिता के हत्यारोपी सास ससुर और पति गिरफ्तार, भेजे गए जेल

केटी न्यूज/ चंदौली

सकलडीहा कोतवाली क्षेत्र के ओरवां गांव में दहेज हत्याकांड में पुलिस ने आरोपी पति, सास व ससुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। विदित हो कि शनिवार की देर शाम 25 वर्षीय विवाहिता ने घर में पंखे की कुंडी में साड़ी का फंदा बनाकर झूल गयी थी। सूचना पर पहुंचे सीओ रघुराज और कोतवाल राजीव कुमार सिंह ने पुलिस व ग्रामीणों की मदद से विवाहिता को फांसी के फंदे से नीचे उतारा। आनन-फानन में सीएचसी ले गये। जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मायका पक्ष के लोगों ने सास ससुर और पति के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। धानापुर थाना क्षेत्र के डबरिया गांव निवासी रमाकांत की छोटी पुत्री बबीता की मई 2023 को सकलडीहा थाना क्षेत्र के ओरवा गांव में चौथीराम के पुत्र बबलू भारती से शादी हुई थी। बबलू महाराष्ट्र में काम करता था। बीते डेढ़ माह से घर पति आया हुआ था।




शनिवार को दोपहर में किसी बात को लेकर बबीता कमरे में चली गयी। देर शाम तक दरवाजा नहीं खोलने पर परिजन व ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने दरवाजा खोला तो फांसी के फंदे पर लटकते हुए मिली। पुलिस ने आनन फानन में हास्पिटल लेकर गयी। जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मायका पक्ष के परिजनों का आरोप है कि विवाहिता का पति अक्सर पैसे को लेकर बेटी को मानसिक और शारिरीक रूप से चोट देता था। मृतक विवाहिता की मां उमीर्ला की ओर से कोतवाली में बेटी के पति सहित सास और ससुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

## सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से राजस्व करों की वसूली में लाएं तेजी अन्यथा होगी कार्रवाई

♦ ऑनलाइन खसरा फीडिंग में नहीं हो पा रही है प्रगति

केटी न्यूज/ मऊ

जिलाधिकारी अरुण कुमार के अध्यक्षता में कर-करेत्तर, राजस्व वसूली एवं अन्य राजस्व कार्यो की समीक्षा के साथ ही सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से राजस्व संबंधी मामलों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान अंश निर्धारण में जनपद की सभी तहसीलों में अभी भी बड़ी संख्या में लंबित प्रकरणों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित उप जिला अधिकारियों को शीघ्र ही वस्तुस्थिति का आकलन कर समस्त मामलों के निस्तारण के निर्देश दिए। ऑनलाइन खसरा फीडिंग में समस्त राजस्व ग्रामों के लॉगिन आईडी तैयार होने के बावजूद कार्यों में प्रगति न होने पर उन्होंने समस्त क्षेत्रीय लेखपालों को क्षेत्र में भेज कर तत्काल कार्य प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। साथ ही जीपीएस लोकेशन सहित फोटो मंगा कर लेखपालों की क्षेत्र में उपस्थित की जांच करने को भी कहा। न्यायिक वादों के निस्तारण की समीक्षा के दौरान तहसीलदार न्यायालय घोसी में मानक के अनुरूप वादों के निस्तारण न होने पर जिला अधिकारी ने तहसीलदार घोसी को कड़ी फटकार लगाते हुए समस्त न्यायिक अधिकारियों को उनके न्यायालयो में मानक के अनुसार वादों का निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उत्तराधिकार विरासत में भी लेखपाल स्तर पर समय सीमा के उपरांत लंबित कई मामलों के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने ऐसे सभी लेखपालों की सूची तैयार कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्रों के आवेदनों की निस्तारण की समीक्षा के दौरान तहसील सदर में आय प्रमाण पत्र के सबसे ज्यादा लंबित आवेदनों के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने समस्त मामलों के निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश उप जिलाधिकारी सदर को दिए। स्वामित्व योजना की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने अवशेष कार्यों को एक सप्ताह के अंदर पूर्ण करने के निर्देश समस्त तहसीलदारों को दिए।



## अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता का समापन में शामिल हुए सांसद अफजाल अंसारी, खिलाड़ियों को किया सम्मानित

# फाइनल में पेनाल्टी स्टोक में गाजीपुर ने भुडकुड़ा को हराया

केटी न्यूज/ गाजीपुर

जखनियां तहसील अंतर्गत श्रीमहंत रामबरन दास इंटर कॉलेज भुड़कुड़ा के प्रांगण में सोमवार को चार दिवसीय अखिल भारतीय हॉकी इनामी प्रतियोगिता का समापन समारोह आयोजित किया गया। इसके मुख्य अतिथि सांसद अफजाल अंसारी रहे। संसद सदस्यता बहाल होने के बाद पहली बार अंसारी सामाजिक कार्यक्रम में पहुंचे थे, जहां उनका बड़े ही गर्म जोशी से स्वागत किया गया। इस टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला गाजीपुर व भुड़कुड़ा के बीच शानदार ढंग से खेला गया।



जिसमें भुड़कुड़ा ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए पहले मध्य अवकाश में एक गोल से बढ़त बना ली। जवाबी कार्रवाई में गाजीपुर सदर की टीम ने भी एक गोल दागा। इतने में मैच बहुत ही रोमांचकारी हो गया। अंत समय तक मैच बराबरी पर छूटा। विजय गोल दागने के लिए संघर्ष करते रहे दोनों टीमों के खिलाड़ी नियमानुसार पेनाल्टी स्टोक से फैसले का निर्णय कराना पड़ा, गाजीपुर सदर को निर्णायक मंडल ने विजयी घोषित किया।

सनद रहे कि यह टूनामेंट 11 जनवरी से शुरू हुआ जिसका उद्घाटन महंत श्री शत्रुघ्नदास ने किया। आज मैच का समापन मुख्य अतिथि गाजीपुर के सांसद अफजाल अंसारी की मौजूदगी में संपन्न हुआ। भुड़कुड़ा के ग्राम प्रधान मदन राम ने मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा आयोजनकर्ता संतोष यादव ने भी सांसद का गर्मजोशी से स्वागत किया। विजई टीम तथा खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण करने से पूर्व उन्होंने अपने संबोधन में मैच की प्रशंसा की तथा सभी खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। अपनी तरफ से खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार दिए। इस अवसर पर समाजवादी शिक्षक सभा के जिलाध्यक्ष भानु प्रताप यादव, रामप्रवेश गोंड़, तूफानी सिंह यादव, चंदन सिंह (प्रधान) बरिष्ठ खिलाड़ी धुरंधर प्रजापति, गौसूल आजम, हरिश्चंद्र यादव आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे। दूर- दराज से आए हुए दर्शकों का आयोजक संतोष कुमार यादव ने आभार प्रकट किया।

